अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 10 अक्तूबर 2018

PAGE NO. 08 : MIDDLE

एसआरएमएस ने 739 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति बांटी

बरेली। श्रीराममूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से स्व. राममूर्ति की 30वीं पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह में ट्रस्ट के महाविद्यालयों के 739 छात्र-छात्राओं को लगभग तीन करोड़ की छात्रवृत्ति बांटी गई। इस मौके पर ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी देवमूर्ति ने श्रीराममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। इसके बाद श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित समारोह में स्व. राममूर्ति को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।